आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। किन्नौर, मंडी, कुल्लू व चम्बा में आज सुबह से वर्षा हो रही है। चम्बा जिला के भरमौर में फंसे करीब 10 हजार श्रद्धालु अब तक चंबा पहुंचकर अपने गंतव्य को निकल चुके हैं। अब विभिन्न स्थानों पर फंसे करीब 4 हजार श्रद्धालुओं को सुरक्षित चंबा तक पहुंचाने के लिए प्रशासन युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। उधर, लाहौल-स्पीति जिला में पागल नाला में भी वाहनों की आवाजाही सुचारू कर दी गई है जिससे काजा की ओर भारी वाहन भी जा रहे हैं। पागल नाला खुलने के बाद अटल टनल से चार तेल टैंकरों को केलंग के लिए भेजा गया है। वहीं रोहतांग दर्रे से होकर अलेओ सड़क को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इधर कुल्लू-मनाली सड़क को यातायात के लिए बहाल करने का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बंजार के लिए सड़क व संचार सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। लाहौल से आज ट्रकों की आवाजाही भी शुरू कर दी जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज चम्बा, कांगड़ा और कुल्लू में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पहली और दो सितम्बर को कुछ भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट रहेगा।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आज मनाली तथा कुल्लू विधानसभा क्षेत्रों का दौरे का करने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री इन क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाएंगे तथा राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लेंगे।

कार्य दिवस

चंबा के उपायुक्त व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने जिला में आज रविवार और कल घोषित स्थानीय अवकाश को स्थगित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। ये आदेश लोक निर्माण, विद्युत, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, नगर निगम, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, आयुष, राजस्व तथा अन्य संबद्ध विभागों पर लागू रहेंगे। इस दौरान इन सभी विभागों के फील्ड कर्मचारी आवश्यक सेवाएं बहाली कार्य के लिए ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

किन्नौर–यातायात

राष्ट्रीय राजमार्ग–05 पर निगुलसरी और नाथपा के भूस्खलन क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। लगातार पत्थर गिरने और भूस्खलन के खतरे को देखते हुए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि यह प्रतिबंध रोजाना रात 8 बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक तक प्रभावी रहेगा और अगले आदेश तक जारी रहेगा। जिले में वैकल्पिक मार्ग वाया नाथपा डेम भी चट्टान गिरने से बंद हो गया है।

*नाथपा में पहाड़ी से पत्थर गिरने और निगुलसरी में सड़क धंसने से मुख्य मार्ग बंद हो गया। वैकल्पिक सड़क वाया नाथपा डेम भी चट्टान गिरने से बंद हो गई है। एनएच प्राधिकरण मार्ग बहाली में जुटा है। नाथपा वैकल्पिक मार्ग जल्द खोला जाएगा, जबकि निगुलसरी मार्ग आज रविवार दोपहर तक बहाल होने की संभावना है। लोगों की जरूरतों को देखते हुए सेब, मटर और अन्य सामान ट्रांसपोर्ट करने के लिए लोकनिर्माण विभाग और वन निगम द्वारा दो स्पैन लगाए गए हैं। आकाशवाणी के लिए मैं सुमेश नेगी।*

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल में 5 जगह बादल फटे, घर–गाड़ियां बगीचे बहे, छह हजार मणिमहेश यात्री निकाले। पंजाब केसरी, हिमाचल दस्तक व आपका फैसला की एक जैसी की सुर्खी है–मुख्यमंत्री ने चम्बा–कांगड़ा जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–2023 से भी ज्यादा नुकसान, दैनिक जागरण का कहना है–आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज देंगे, जबकि दैनिक भास्कर के शब्द हैं–मानसून ने रोकी रफ्तार, प्रदेश में 3 जगह पर बादल फटे, अब तक 8 सौ 39 सड़कें ठप्प।

पंजाब केसरी लिखता है–8 हजार मणिमहेश श्रद्धालु रैस्क्यू, भरमौर में अब भी फंसे हैं तीन हजार से अधिक– दैनिक जागरण की सुर्खी है–आठ हजार मणिमहेश यात्री निकाले पांच हजार भरमौर व रास्ते में फंसे।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–बोर्डों–निगमों का घाटा 6 हजार 4 सौ 54 करोड़ 47 लाख।

———————————